यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

Ref: ISD/21-22/40 May 18, 2021

The Deputy General Manager, Corporate Relationships Dept. **BSE Ltd.** Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai-400 001. Scrip Code-532 477	The Deputy General Manager, Listing Dept. **National Stock Exchange of India Ltd.** Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai-400 051. Scrip Symbol/Series-UNIONBANK-EQ

Dear Madam /Sir,

Subject: **Notice of Extraordinary General Meeting of the shareholders of the Bank to be held on Friday, 25th June, 2021**

Ref: **Our earlier letter no. ISD/21-22/33 dated 14th May, 2021**

We hereby enclose the Notice of **Extraordinary General Meeting ('EGM')** to be held on **Friday, 25th June, 2021 at 11.00 am (IST) through Video Conferencing ('VC') or Other Audio Visual Means ('OAVM') facility** to obtain shareholders' approval for election of ONE Shareholder Director from amongst the shareholders of the Bank other than the Central Government.

The said EGM Notice has also been made available on the Bank's website www.unionbankofindia.co.in.

Thanking you.

Yours faithfully,

Mangesh Mandrekar

(Mangesh Mandrekar)
Company Secretary

Encl.: As above

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

असाधारण महासभा की सूचना

शुक्रवार, दिनांक 25 जून, 2021को प्रात: 11.00 बजे (आईएसटी)

NOTICE FOR EXTRAORDINARY GENERAL MEETING

FRIDAY, 25TH JUNE, 2021 AT 11.00 A.M (IST)

विषय सूची

	पृष्ठ संख्या
सूचना	01
नोट्स	02–10
व्याख्यात्मक विवरण	11
घोषणा	15
नामांकन फॉर्म	17
व्यक्तिगत जानकारी, घोषणा एवं वचनपत्र	19

महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का कैलेंडर

चुनाव में नामांकन एवं चुनाव लड़ने के लिए पात्र शेयरधारकों को निर्धारित करने के उद्देश्य से कट ऑफ तारीख	मंगलवार, 25 मई, 2021
नामांकन फॉर्म एवं व्यक्तिगत जानकारी, घोषणा, वचनपत्र को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख	शुक्रवार, 11 जून, 2021 (शाम 5:00 बजे आईएसटी)
नामांकनों की संवीक्षा	सोमवार, 14 जून, 2021
ईजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग में प्रतिभागिता के लिए कट ऑफ तारीख	शुक्रवार, 18 जून, 2021
नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख	बुधवार, 23 जून, 2021 (शाम 5:00 बजे आईएसटी)
रिमोट ई-वोटिंग की अवधि	मंगलवार, 22 जून, 2021 (प्रातः 9.00 बजे आईएसटी) से गुरुवार, 24 जून, 2021 (शाम 5:00 बजे आईएसटी)
असाधारण महासभा बैठक की तारीख	शुक्रवार, 25 जून, 2021 को प्रातः 11.00 बजे आईएसटी (वीसी / ओएवीएम द्वारा)

CONTENTS

	Page No.
Notice	25
Notes	26-34
Explanatory Statement	35
Declaration	39
Nomination Form	41
Personal Information, Declaration and Undertaking	43

IMPORTANT CALENDER OF EVENTS

Cut-Off date for the purpose of determining the shareholders eligible for nominating and contesting the election	Tuesday, 25th May, 2021
Last date for submission of Nomination Form and Personal Information, Declaration and Undertaking	Friday, 11th June, 2021 (5:00 p.m. IST)
Scrutiny of Nominations	Monday, 14th June, 2021
Cut-Off date for participation in Remote E-Voting and E-Voting during EGM	Friday, 18th June, 2021
Last date for Withdrawal of Nominations	Wednesday, 23rd June, 2021 (5.00 p.m. IST)
Period of Remote E-Voting	From Tuesday, 22nd June, 2021 (9.00 a.m. IST) to Thursday, 24th June, 2021 (5.00 p.m. IST)
Date of Extraordinary General Meeting	Friday, 25th June, 2021 at 11.00 a.m. IST (through VC / OAVM)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation

असाधारण महासभा की सूचना

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और बैठक) विनियमन, 1998 की विनियम 57 के अनुपालन में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ("बैंक") के शेयरधारकों की असाधारण महासभा ("ईजीएम") **शुक्रवार, दिनांक 25 जून 2021** को प्रातः **11.00 बजे** केंद्रीय कार्यालय, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई (बैठक को अभिप्रेत स्थान) में **विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य दृश्य-श्रव्य साधनों (ओएवीएम)** सुविधा के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए आयोजित की जाएगी:

विशेष कारोबार

मद संख्या. 1:

बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (इसके बाद "**अधिनियम**" के रूप में संदर्भित) के भाग 9 (3) (i), जिन्हें बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (इसके बाद "**बीआर अधिनियम**" के रूप में संदर्भित), राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 (इसके बाद "**योजना**" के रूप में संदर्भित) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियम, 1998 (इसके बाद "**विनियम**" के रूप में संदर्भित) के साथ पढ़ा जाए एवं पीएसबी के बोर्डों पर निर्वाचित निदेशकों के लिए "उपयुक्त एवं यथोचित" मानदंड पर अधिसूचना क्रमांक डीबीआर.एटीटीपी.नं: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 को जारी "आरबीआई **के मास्टर निर्देश**" जो (इसके बाद "**आरबीआई के मास्टर निर्देश**" के रूप में संदर्भित और इसके बाद यदि कोई संशोधन हो तो) जिन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के बैकों में ग़ैर आधिकारिक निदेशकों हेतु विचार करने के लिये भारत सरकार द्वारा 25 मार्च, 2015 और दिनांक 8 जुलाई, 2016 को जारी दिशानिर्देशों (इसके बाद "**भारत सरकार के दिशानिर्देश**" के रूप में संदर्भित एवं इसके अतिरिक्त संशोधन, यदि कोई हो,) के साथ पढ़ा जाए, के नियमों के अनुसार प्राप्त वैध नामांकनों में से केंद्र सरकार के अलावा, **बैंक के शेयरधारकों में से एक निदेशक का चुनाव करने के लिए** और निम्नलिखित प्रस्ताव को एक साधारण संकल्प के रूप में संशोधन के साथ या उसके बिना पारित करने के लिये:

"**संकल्प लिया गया** कि अधिनियम 1970, के खंड 9 (3) (i) के अनुसार, जिसे इसके आधार पर बनी संबंधित योजना, विनियम एवं अधिसूचनाओं के साथ पढ़ा जाए, केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से निर्वाचित एक निदेशक, को बैंक के निदेशक के रूप में एतद्वारा निर्वाचित किया गया जो 28 जून, 2021 से कार्यग्रहण करेंगे और कार्यग्रहण की तिथि से 3 साल पूरा होने तक इस पद पर रहेंगे".

निदेशक मण्डल के आदेश से
कृते यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

Mangesh Mandrekar

स्थान: मुंबई
दिनांक: 14.05.2021

(मंगेश मांद्रेकर)
कंपनी सचिव

नोट्स :

1. व्याख्यात्मक विवरण

बैठक के कारोबार के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य युक्त व्याख्यात्मक विवरण इसके साथ संलग्न है.

2. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य दृश्य-श्रव्य साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से असाधारण महासभा बैठक का संचालन

ए) कोविड-19 महामारी के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए, सोशल डिस्टेन्सिंग नियमों का अनुपालन करना आवश्यक है तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (``एमसीए परिपत्र") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र क्र.14/2020, 17/2020, 22/2020, 33/2020, 39/2020 एवं 02/2021 क्रमशः दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल 2020, 15 जून 2020, 28 सितंबर 2020, 31 दिसंबर 2020 एवं 13 जनवरी 2021 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (``सेबी परिपत्र") द्वारा जारी परिपत्र क्र. सेबी/एचओ/सीएफ़डी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांक 12 मई 2020, एवं सेबी/एचओ/सीएफ़डी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021 तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियमन, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम"), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के संप्रेषण क्र. एफ़.क्र.7/47/2020-बीओए दिनांक 10 जुलाई 2020 और अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, बैंक की असाधारण महासभा (ईजीएम) बैठक का संचालन वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से किया जाए, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर सभी सदस्यों की व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति की आवश्यकता नहीं होगी. असाधारण महासभा बैठक के लिए विचारणीय स्थान मुंबई में स्थित बैंक की केंद्रीय कार्यालय होगा. चूंकि कार्यसूची अपरिहार्य है, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैंक की ईजीएम को कार्यान्वित किया जाए.

बी) बैंक एमसीए परिपत्र में वर्णित सभी प्रावधानों का अनुपालन एवं पालन कर रहा है. बैंक ने वीसी/ओएवीएम कनेक्शन में तकनीकी खराबी को दूर करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं. बैंक ने बैठक की समग्रता को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त और समुचित सुरक्षा अपनाई है.

सी) केफिन टेक्नोलोजीज प्राइवेट लिमिटेड (केफिनटेक) वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से असाधारण महासभा बैठक में सहभागिता एवं असाधारण महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगी.

डी) एमसीए के परिपत्रों एवं सेबी के परिपत्रों के अनुसार, असाधारण महासभा बैठक की सूचना बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in, www.bseindia.com, भारतीय राष्ट्रीय शेयर बाज़ार लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com और साथ ही केफिनटेक की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध कराई जाएगी.

ई) चूंकि असाधारण महासभा बैठक वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित की जाएगी, इस कारण रूट मैप इस सूचना में संलग्न नहीं होगी, जैसा कि भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवालय मानक 2 के अंतर्गत अपेक्षित है.

एफ़) सभी सदस्य वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित इस असाधारण महासभा बैठक में नीचे उल्लिखित प्रक्रिया के माध्यम से जुड़ सकते हैं जो कि असाधारण महासभा बैठक शुरू होने के निर्धारित समय के 15 मिनट पहले अर्थात 10.45 आईएसटी. पूर्वाह्न से खुली रहेगी और बैंक वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित में असाधारण महासभा बैठक में शामिल होने के लिए बैठक शुरू होने के निर्धारित समय के 30 मिनट बाद विंडो बंद कर सकती है. वीसी/ओएवीएम में जुडने के लिए नोटिस पैरा क्र. 13(viii)(ए), (बी) एवं (सी) में वर्णित विवरणों के साथ https://emeetings.kfintech.com में कृपया जुड़ें. बैठक के दौरान या उससे पहले तकनीकी से संबंधित किसी भी सहायता के लिए हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1800 309 4001 का उपयोग किया जा सकता है.

जी) सदस्य नोट करें कि केफिनटेक द्वारा प्रदत्त वीसी/ओएवीएम सुविधा में द्विपक्षीय कॉन्फ्रेंसिंग एवं साथ ही प्रश्न पूछने के लिए पहले-आओ-पहले-पाओ के आधार पर कम से कम 1,000 सदस्यों की सहभागिता की अनुमति होगी. बड़े शेयरधारकों (अर्थात ऐसे शेयरधारक जिनके पास 2% या इससे अधिक का शेयर होगा), प्रमोटर, संस्थागत निवेशकों, निदेशकों, मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक, लेखा-परीक्षा समिति के अध्यक्ष, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति एवं शेयरधारक संबंध समिति, लेखा-परीक्षक, संवीक्षक आदि पहले-आओ-पहले-पाओ सिद्धान्त के कारण बिना किसी बाधा के असाधारण महासभा बैठक में शामिल हो सकते हैं. संस्थागत निवेशक जो बैंक के सदस्य हैं, को वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से असाधारण महासभा बैठक में शामिल होने और वोट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

एच) वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से संचालित असाधारण महासभा बैठक में शामिल सदस्यों की उपस्थिति की गिनती कोरम का अनुमान लगाने के उद्देश्य से की जाएगी.

आई) असाधारण महासभा बैठक से पहले स्पीकर शेयरधारक का पंजीकरण रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान अधिकतम **बुधवार, 23 जून, 2021 को शाम 5 बजे** तक किया जा सकता है. स्पीकर के रुप में पंजीकृत होने के इच्छुक शेयरधारकों से निवेदन है कि वे ई-वोटिंग लॉगिन विवरणों का उपयोग करके https://emeetings.kfintech.com पर जाएं और इस अवधि के दौरान स्पीकर पंजीकरण पर क्लिक करें. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे असाधारण महासभा बैठक के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र और समन्वय के समय बैठक के अध्यक्ष द्वारा बुलाए जाने तक अपनी बारी आने का इंतजार करें. बैंक स्पीकर

सत्र को समाप्त या रोक सकती है; इसलिए, शेयरधारकों को अग्रिम रूप से अपने पंजीकृत ई-मेल पता से अपना नाम, डीपी आईडी एवं ग्राहक आईडी नंबर/ फोलिओ नंबर तथा मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपने प्रासंगिक प्रश्न इत्यादि investorservices@unionbankofindia.com भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा ऐसे प्रश्न पर कार्रवाई की जाएगी एवं बैंक द्वारा उचित रूप से प्रतिउत्तर दिया जाएगा. हालांकि, यह निवेदन किया जाता है कि बैठक के दौरान प्रश्न ठीक और संक्षेप रुप से किये जाएं ताकि हम उनका उत्तर दे पाएं.

जे) वे शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं किया है, वे वेब लिंक: https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx में अपनी ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर पंजीकृत करने के बाद असाधारण महासभा बैठक में भाग ले सकते हैं.

के) भौतिक रूप से धारित शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे कटऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 25 मई, 2021 से पहले बैंक विवरण, ईमेल एड्रैस, पते में बदलाव आदि को रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट मेसर्स डाटामैटिक्स बिजनेस सॉल्यूशंस लिमिटेड को प्रस्तुत करें, ताकि इसे नोट किया जा सके. इलेक्ट्रॉनिक रूप से धारित शेयर धारक सदस्यों के संबंध में, उपर्युक्त तिथि की समाप्ति पर डिपाजिटरी द्वारा प्रदत्त ब्यौरे पर बैंक द्वारा विचार किया जाएगा. इसलिए, शेयर धारित सदस्य नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट भेजने के लिए यथाशीघ्र अपने रिकॉर्ड को अद्यतन करेंगे.

3. परोक्षी की नियुक्ति

एमसीए के परिपत्रों के क्रम में, चूंकि सदस्यों की भौतिक उपस्थिति को समाप्त कर दिया गया है, अतः परोक्षी की नियुक्ति की आवश्यकता नहीं होगी. तद्नुसार, असाधारण महासभा बैठक के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन 1998 के विनियम 70 (vi) के अंतर्गत सदस्यों द्वारा परोक्षी की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जाएगी. इस कारण, परोक्षी की नियुक्ति के संबंध में लिखत एवं उपस्थिति स्लिप को इसके साथ संलग्न नहीं किया जा रहा है. तथापि, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोटिंग, वीसी/ओएवीएम सुविधा द्वारा संचालित असाधारण महासभा बैठक में सहभागिता तथा असाधारण महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग के उद्देश्य से सदस्यों के प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जा सकती है.

4. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

कंपनी या कोई निकाय, निगम, जो बैंक का शेयरधारक हैं, के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति, बैठक में उपस्थित रहने या वोट देने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने का संकल्प उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सत्य प्रति, जिसमें वह संकल्प पारित किया गया हो, को investorservices@unionbankofindia.com पर बैठक की तिथि से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात् शनिवार, 19 जून, 2021 को कार्य-समाप्ति अर्थात सायं 5.00 बजे तक या उससे पूर्व प्रस्तुत नहीं किया जाता है.

5. अदावाकृत /अदत्त लाभांश, यदि कोई हो

ऐसे शेयरधारक, जिन्होंने पिछली अवधि के अपने लाभांश वारंट का नकदीकरण नहीं कराया है/ लाभांश वारंट प्राप्त नहीं किया है, यदि कोई है, तो उनसे अनुरोध है कि वे अदत्त लाभांश के लिए बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट (आरटीए) से उक्त पते पर अथवा निवेशक सेवाएं प्रभाग से संपर्क करें.

शेयरधारकों से यह ध्यानपूर्वक नोट करने का अनुरोध है कि बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10बी के अनुसार लाभांश घोषित होने की तिथि के 30 दिनों तक लाभांश अदावाकृत/ अदत्त रहने पर 30 दिन की निर्धारित अवधि समाप्त होने के 7 दिनों के अंदर उन्हें "अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित कर दिया जायेगा.

उक्त ``अदत्त लाभांश खाते" में अंतरित राशि, अंतरण की तिथि से सात वर्षो तक अदावाकृत/ अदत्त रहने पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 125 के अन्तर्गत केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) को अंतरित की जानी अपेक्षित है. बैंक द्वारा वित्त वर्ष 2013-14 (अन्तरिम) तक के अदत्त लाभांश को आईईपीएफ में पहले ही अंतरित किया जा चुका है. वर्ष 2013-14 (अंतिम) से अदत्त लाभांश के ब्यौरे हेतु संबंधित शेयरधारक बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध अदावाकृत लाभांश सर्च सुविधा के लिंक: https://eremit.unionbankofindia.co.in/UnclaimedDividend/GUIs/CustomerList.aspx का अवलोकन कर सकते हैं. अदावाकृत लाभांश की प्रक्रिया तथा अपेक्षित फॉर्म भी उपरोक्त लिंक पर उपलब्ध है.

6. पता/ बैंक ब्यौरा/ बैंक खाता मैनडेट में परिवर्तन

ए) लाभांश का भुगतान करने हेतु बैंक एनएसडीएल/ सीडीएसएल के साथ पंजीकृत और संबंधित डिपॉज़िटरी से आरटीए द्वारा डाउनलोड किये गये बैंक खाते के ब्यौरे का उपयोग करेगा. जिन शेयरधारकों के पास इलेक्ट्रानिक रुप में शेयर रखे हुए हैं, उन्हें सूचित किया जाता है कि उनके संबंधित डीपाजिटरी खाते में रजिस्टर्ड बैंक खाते के विवरणों को संबंधित डीपाजिटरी पार्टिसिपेंट ("डीपी") के साथ अद्यतन किया जाना चाहिए, ताकि बुक क्लोजर प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व इसे अद्यतन किया जा सके. बैंक अथवा इसके शेयर अंतरण एजेन्ट इलेक्ट्रानिक रुप में रखे शेयरों के धारकों से बैंक विवरणों अथवा बैंक मैनडेट में किसी परिवर्तन हेतु सीधे ही प्राप्त किसी अनुरोध पर कार्रवाई नहीं कर सकता है. ऐसे परिवर्तनों से शेयरधारक के डिपाजिटरी पार्टिसिपेंट को अवगत कराया जाए.

बी) जिन शेयरधारकों के पास भौतिक रुप में शेयर मौजूद हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करते हैं, तो इसकी सूचना बैंक के रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रान्सफर एजेंट (आरटीए) को विधिक दस्तावेजी सबूत एवं हस्ताक्षरित औपचारिक अनुरोध आवेदन के साथ निम्न पते पर प्रस्तुत करें :

डाटामैटिक्स बिजनेस सोल्यूशन लि.,
यूनिट : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्लॉट क्र. बी-5, पार्ट बी,
एमआईडीसी, क्रॉस लेन, मरोल
अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 093
दूरभाष संख्या: 022-66712001-6

सी) बैंक खाते का ब्यौरा प्रदान किए जाने वाला प्रारूप बैंक की बेवसाइट www.unionbankofindia.co.in पर उपलब्ध है.

डी) इलेक्ट्रानिक रुप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने पते में यदि कोई परिवर्तन करते हैं तो इसकी सूचना केवल अपने संबंधित डीपाजिटरी पार्टिसिपेंट को दें, न कि बैंक अथवा बैंक के आरटीए को.

ई) शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैंक अथवा बैंक के आरटीए के साथ किसी भी प्रकार का पत्राचार करते समय संबंधित फोलियो क्रमांक (भौतिक रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) और संबंधित डीपी आईडी/ ग्राहक आईडी क्रमांक (इलेक्ट्रानिक/ डीमेट रुप में शेयर रखने वाले सदस्य) का अनिवार्य रुप से उल्लेख करें.

7. स्थिति में परिवर्तन की रिकार्डिंग

अनिवासी भारतीय शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के बारे में बैंक के आरटीए- डाटामैटिक्स बिज़नेस सोल्यूशंस लि. को तत्काल सूचित करें:

ए. स्थायी निवास हेतु भारत में वापसी पर निवासी स्थिति में परिवर्तन.

बी. भारत में संचालित बैंक खाते का पूर्ण विवरण यथा पूरा नाम, शाखा, खाते का स्वरुप, खाता संख्या तथा बैंक का पता, पिन कोड सहित आदि, यदि पहले न दिया गया हो.

8. सूचना का प्रेषण

कोविड-19 महामारी और लॉक डाउन प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए, ईजीएम के नोटिस की भौतिक प्रतियाँ नहीं दी जाएंगी और यह केवल उन शेयरधारकों को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित की जाएंगी जिनकी ई-मेल आईडी बैंक या डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है. बैंक की वेबसाइट एवं स्टॉक एक्सचेंज पर वार्षिक रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी. ई-मेल आईडी अद्यतन के लिए शेयरधारक भौतिक शेयरों के मामले में रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट को या शेयर डिमेट फॉर्म में है तो डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट को संपर्क करें.

9. भौतिक धारिता का अमूर्तीकरण

सेबी ने प्रतिभूति बाजार के प्रत्येक भागीदार को स्थायी खाता संख्या (पैन) एवं बैंक विवरण जमा करना अनिवार्य कर दिया है. सदस्य जो इलेक्ट्रोनिक रूप से शेयर रखते हैं उनसे अनुरोध है कि वह अपने पैन का विवरण अपने डिपॉज़िटरी पार्टीसिपेंट को दें. भौतिक रूप से शेयरों को रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे बैंक के आरटीए को अपने पैन का विवरण प्रस्तुत करें. सूचीबद्ध संस्थाओं की प्रतिभूतियों को 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी रूप से केवल अमूर्तीकृत रूप में हस्तांतरित किया जा सकता है. भौतिक रूप से शेयर्स को रखने वाले सभी सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि अपने रखे हुए भौतिक शेयरों से संबंद्ध सभी जोखिमों को दूर करने के लिए अमूर्तीकरण रूप में बदलने पर विचार किया जाए और पोर्टफोलियों प्रबंधन की सुविधा के लिए वे अपने डिपोजिटरी पार्टीसिपेंट से संपर्क करें, जहां वे डीमैट खाते को संचालित करते है.

10. चुनाव में भाग लेने के लिए शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कट ऑफ तिथि

कार्यकाल अवधि अर्थात **25 मई, 2021** (अब से **''कट-ऑफ तिथि"** के रूप में संदर्भित) की समाप्ति तक एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा प्रदत शेयरधारकों के रजिस्टर में जिन शेयरधारकों के नाम हितधारक स्वामित्व के रूप में प्रदर्शित किए गए हैं वे चुनाव में भाग लेने के पात्र होंगे अर्थात सूचना मद क्र. 1 में वर्णित के अनुसार केंद्र सरकार के अलावा शेयरधारकों में से ही निदेशक के लिए चुनाव में नामित होने एवं चुनाव लड़ने के लिए पात्र होंगे.

11. एक शेयर धारक निदेशक को चयनित हेतु वोट देने का अधिकार

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3 की उप धारा (2ई) के अनुसार, इस समय केंद्र सरकार के अलावा, संपर्की नए बैंक का कोई भी शेयरधारक, **बैंक के सभी शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार के दस प्रतिशत** से अधिक के उसके द्वारा धारित किन्हीं शेयरों के संबंध में वोट देने का अधिकारी नहीं होगा.

उपर्युक्त के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियमन, 1998 के विनियम 68 के अनुसार प्रत्येक शेयरधारक, जो **कट ऑफ तारीख अर्थात शुक्रवार, 18 जून, 2021** को शेयरधारक के रूप में पंजीकृत है, प्रत्येक शेयर के लिये एक वोट देने का अधिकारी होगा/होगी.

संशोधित कंपनी नियम (प्रबंधन एवं प्रशासन) 2014 के नियम 20 के अनुसार, जो शेयरधारक बैठक में भाग लेने एवं वोट करने के पात्र हैं वे अपने वोटिंग अधिकार का प्रयोग इलेक्ट्रोनिक माध्यम से कर सकते हैं.

12. संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर तथा बैठक) विनियम 1998 के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पंजीकृत है, तो रजिस्टर में जिसका नाम प्रथम स्थान पर अंकित होगा, वह वोट देने के लिए, उसका अकेला धारक माना जाएगा. इस प्रकार यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम पर है, तो केवल प्रथम नामित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने का अधिकारी होगा और वही वोट देने का अधिकारी भी होगा.

13. सूचना में प्रदर्शित कार्यवाही को इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से पूरा किया जाएगा और बैंक इलेक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग की सुविधा भी प्रदान कर रहा है:

I. कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथा संशोधित), के नियम 20, इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ("आईसीएसआई") द्वारा साधारण बैठक पर जारी सचिवालय मानक (एसएस-2) तथा एमसीए के परिपत्रों एवं सेबी के परिपत्रों के साथ लिस्टिंग विनियम के विनियमन 44 के प्रावधानों के अनुपालन में, बैंक सहर्ष सूचित करना चाहता है कि असाधारण महासभा में कार्यवाही की सुविधा प्रदान करने के संबंध में अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा और असाधारण महासभा में शामिल सदस्य बैठक के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट देने की सुविधा प्रदान की गई है.

II. वोटिंग की सुविधा असाधारण महासभा में रहेगी और इस बैठक में भाग लेने वाले शेयरधारक अपने वोटिंग अधिकारों का प्रयोग कर सकेंगे, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

III. जिन शेयरधारकों ने असाधारण महासभा से पहले रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा अपना वोट दे दिया है, वे भी असाधारण महासभा में भाग ले सकते हैं, परन्तु वे दोबारा वोट नहीं कर सकेंगे.

IV. असाधारण महासभा से पूर्व निर्धारित समयावधि के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग सिस्टम ("रिमोट ई-वोटिंग") का प्रयोग कर शेयरधारक द्वारा वोट डालने की सुविधा एवं असाधारण महासभा के दौरान वोटिंग की सुविधा केफिनटेक द्वारा प्रदान की जायेगी.

V. रिमोट ई-वोटिंग की अवधि **मंगलवार दिनांक 22 जून, 2021 (प्रातः 9.00 बजे आईएसटी) से प्रारम्भ होकर गुरुवार, दिनांक 24 जून 2021 (शाम 5.00 बजे आईएसटी)** तक रहेगी. बैंक के शेयरधारक इस अवधि के दौरान, वोटिंग के लिए **कट ऑफ तारीख शुक्रवार, 18 जून 2021** को भौतिक या डि-मटेरियलाइज्ड फार्म में शेयर धारण करते हों, कार्यसूची के लिए रिमोट ई-वोटिंग के द्वारा वोट कर सकते हैं. इस अवधि के बाद केफिनटेक द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को बन्द कर दिया जाएगा. शेयरधारकों द्वारा एक बार संकल्प पर वोट करने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी.

VI. ऐसा व्यक्ति जो असाधारण महासभा बैठक की सूचना भेज कर बैंक का सदस्य बनता है एवं **कटऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार, 18 जून, 2021** तक शेयर धारित करता है, वह बैंक की ई-मेल investorservices@unionbankofindia.com पर शेयरधारक के प्रामाणिक साक्ष्य भेज कर या केफिनटेक evoting@kfintech.com को रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति से पहले अर्थात **24 जून 2021 सायं 5.00 बजे** से पूर्व लिख कर निम्नलिखित वर्णित तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं.

VII. रिमोट ई-वोटिंग के लिए प्रक्रिया और तरीका निम्नानुसार है:

ए) इंटरनेट ब्राउज़र खोले और एड्रैस बार में https://evoting.kfintech.com यूआरएल टाइप करें.

बी) आपके ई-मेल आईडी में प्रेषित लॉगिन विवरण अर्थात यूज़र आईडी और पासवर्ड डालें. आपका फोलियो नं./डीपी आईडी क्लाईंट आईडी ही आपका यूज़र आईडी होगा. तथापि, यदि आपने ई-वोटिंग के लिए पहले से ही केफिनटेक में पंजीकरण कर रखा है तो वोट देने के लिए आप अपना मौजूदा यूज़र आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं.

सी) उचित तरीके से विवरण भरने के बाद, लॉगिन पर क्लिक करें.

डी) आप पासवर्ड चेंज मेन्यू में पहुंच जाएंगे जहां आपको अनिवार्य रूप से पासवर्ड बदलना पड़ेगा. नये पासवर्ड में न्यूनतम 8 कैरक्टर होने जरूरी है जिसमें कम से कम एक अपर केस (A-Z), एक लोअर केस (a-z), एक अंकीय मान (0-9) और एक विशेष कैरक्टर (@,#,$ आदि) होने चाहिए. यह अवश्य ध्यान रखें कि आप अपना पासवर्ड किसी से साझा न करें और अपना पासवर्ड गोपनीय रखने के लिए अत्यधिक सावधानी बरतें.

ई) आपको नए विवरण के साथ पुनः लॉगिन करना पड़ेगा.

एफ़) सफलतापूर्वक लॉगिन करने के बाद, सिस्टम तुरंत आपको EVENT अर्थात यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का चयन करने के लिए निर्देशित करेगा.

जी) वोटिंग पृष्ट पर अपने पसंदीदा अभ्यर्थी का चयन करके अपना मत दें.

एच) "SUBMIT" पर क्लिक करें. एक पुष्टीकरण बॉक्स प्रदर्शित होगा. पुष्टि करने के लिए 'OK' दबाएँ, अन्यथा आशोधन के लिए 'Cancel' दबाएँ. एक बार आपके पुष्टि करने पर, आपको बाद में आपके वोट में आशोधन करने की अनुमति नहीं होगी. वोटिंग अवधि के दौरान, संकल्प में आपके वोट की पुष्टि करने तक आप इसमें अनेक बार लॉगिन कर सकते हैं.

आई) अनेक फोलियो/ डिमेट खाता धारक वाले सदस्य प्रत्येक फोलियो / डिमेट खाता के लिए अलग वोटिंग प्रक्रिया का चयन करेंगे.

जे) कॉर्पोरेट/संस्थागत सदस्य (अर्थात वैयक्तिक के अतिरिक्त, एचयूएफ़, एनआरआई आदि) से अपेक्षित है कि सुसंगत बोर्ड संकल्प / प्राधिकृत पत्र आदि की प्रमाणित सही प्रतिलिपि की स्कैन ईमेज (पीडीएफ़/जेपीजी प्रारूप) के साथ-साथ विधिवत हस्ताक्षरित अधोहस्ताक्षरी, जो evoting@ezylaws.com ई-मेल के माध्यम से संवीक्षक को वोट देने के लिए प्राधिकृत है, का अभिप्रमाणित नमूना हस्ताक्षर प्रेषित करें और अपने लॉगिन में ई-वोटिंग मॉड्यूल में भी इसे अपलोड करें. उपर्युक्त दस्तावेजों की स्कैन प्रति का नाम 'Even No.....' के प्रारूप में रखें.

VIII. ई-वोटिंग से संबंधित मामले में किसी प्रकार की शंका या पूछताछ होने की दशा में हेल्प सेक्शन में, https:/ /evoting.Kfintech.com पर उपलबध "अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न" (FAQs) और ई-वोटिंग मैन्युअल का संदर्भ ले सकते हैं या 1800 309 4001 (टोल फ्री) नंबर पर कॉल करें.

IX. इलेक्ट्रानिक माध्यमों द्वारा वोटिंग की सुविधा से संबंधित समस्त शिकायतों के लिए केफिनटेक में संपर्क कर सकते हैं या evoting@kfintech.com पर ई-मेल भेंजे या 1800309 4001 (टोल फ्री) नंबर पर संपर्क कर सकते हैं.

X. जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ की तारीख अर्थात **शुक्रवार, 18 जून, 2021** को शेयरहोल्डर के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा रखे गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, केवल वहीं व्यक्ति रिमोट ई- वोटिंग द्वारा या बैठक स्थल पर वोटिंग के लिए पात्र होगा.

XI. संयुक्त धारक के मामले में शेयर के प्रथम धारक को लॉगिन आईडी/ यूजर आईडी एवं पासवर्ड का ब्यौरा भेजा जाएगा. तदनुसार, प्रथम धारक को प्रेषित यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग कर वोट को सभी संयुक्त धारकों की ओर से माना जाएगा क्योंकि शेयरधारक जो केफिनटेक की रिमोट ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से वोट करता है, का सभी संयुक्त धारकों की ओर से प्रयुक्त किया जाएगा. प्रथम धारक को ही शेयर धारक माना जाएगा, जिसका नाम शेयरों के सापेक्ष पंजीकृत किया गया है.

XII. केवल वोट करने के पात्र शेयरधारक ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट का प्रयोग कर सकते हैं. ऐसा व्यक्ति जिसके पास वोट करने का कोई अधिकार नहीं है उसके लिए यह नोटिस को केवल एक सूचना माना जाना चाहिए.

XIII. रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए मेसर्स ईज़ेडवाई लॉज के अधिवक्ता एवं कॉर्पोरेट विधिक परामर्शदाता श्री अंकुर कुमार को जांचकर्ता के रुप में नियुक्त किया गया है.

XIV. असाधारण महासभा बैठक शुरु होने के बाद बैठक के अध्यक्ष द्वारा वहां उपस्थित उन्हीं शेयरधारकों को वोटिंग की अनुमति प्रदान की जाएगी, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा के द्वारा अपना वोट नहीं दिया है.

XV. जांचकर्ता द्वारा असाधारण महासभा में वोटिंग समाप्त होने के उपरांत तथा बैठक की समाप्ति के बाद अधिकतम दो कार्यदिवसों के अंदर पक्ष और विपक्ष में पड़े कुल वोटों की समेकित रिपोर्ट बनाकर, यदि कोई हो, बैठक के अध्यक्ष या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को प्रस्तुत की जाएगी.

14. वोटिंग के परिणाम

असाधारण महासभा बैठक के दौरान ई-वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग के समेकित परिणाम, जांचकर्ता की समेकित रिपोर्ट के साथ बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in तथा केफिनटेक की वेबसाइटः https://evoting.kfintech.com उपलब्ध करा दिया जायेगा. वोटिंग परिणाम एवं समेकित जांचकर्ता की रिपोर्ट को स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई एवं एनएसई को प्रेषित किए जाएंगे.

15. बैठक में ई वोटिंग के लिए जांचकर्ता

ई-वोटिंग के संबंध में जैसा पहले ही इंगित किया है कि कार्यसूची मद के लिए मेसर्स ईज़ेडवाई लॉज के अधिवक्ता एवं कॉर्पोरेट विधिक परामर्शदाता श्री अंकुर कुमार, जांचकर्ता के रूप में कार्य करेंगे. वे बैठक में अन्य शेयरधारक के ई-वोटिंग के लिए भी जांचकर्ता के रुप में कार्य करेगें.

16. बैठक का परिणाम

बैंक के प्रधान कार्यालय/ केंद्रीय कार्यालय में असाधारण महासभा बैठक की तिथि से संकल्प के पक्ष में आवश्यक वोटों की संख्या की प्राप्ति के अध्याधीन संकल्प को पारित माना जाएगा.

17. बैठक की रिकॉर्ड की गई ट्रांस्क्रिप्ट/कार्यवाही

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से हुई असाधारण महासभा की कार्यवाही को बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in के निवेशक संबंध अनुभाग के अधीन यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा.

18. शेयरधारक निदेशक हेतु उम्मीदवार के लिए योग्यता

उम्मीदवार अधिनियम की धारा 9(3ए) में निर्दिष्ट पात्रता का अनुपालन करेंगे एवं योजना के खंड 10 में विनिर्दिष्ट अपात्रता से प्रभावित नहीं होंगे तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियम, 1998 के विनियम 65 में वर्णित शर्तों को पूरा करेंगे, जो निम्नलिखित हैं:

(ए) अधिनियम के धारा 9(3 ए) के संदर्भ में, उम्मीदवार जो बैंक के शेयरधारक होने के नाते और अधिनियम की धारा 9(3)(1) के तहत बैंक के निदेशक के रूप चुने जाने की इच्छा रखता है तो

(ए) निम्नलिखित एक या एक से अधिक विषयों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए अर्थात :

i. कृषि और ग्रामीण अर्थवयवस्था

ii. बैंकिंग

iii. सहकारिता

iv. अर्थशास्त्र

v. वित्त

vi. विधि

vii. लघु उद्योग

viii. किसी अन्य विषय का विशेष ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव होना, भारतीय रिजर्व बैंक के राय में बैंक के लिए काफी उपयोगी है.

बी) जमाकर्ता के हितों का प्रतिनिधित्व करना ; या

सी) किसानों, कर्मियों और कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करना

बी) अधिनियम की धारा 9(3एए) के अनुसार, बैंक का शेयरधारक होने के नाते और बैंक के निदेशक चुने जाने की इच्छा रखने वाले उम्मीदवार को उपयुक्त एवं उचित स्थिति में होना चाहिए.

सी) इसके साथ ही, चयनित निदेशक को प्रसंविदा के विलेख को निष्पादित करना चाहिए और इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित वार्षिक घोषणाओं को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है.

19. बैंक के निदेशक रूप में चयनित न किए जाने की अयोग्यता

ए. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध उपबंध) योजना 1970 के खंड 10 के अनुसार, उम्मीदवार को बैंक के निदेशक के रूप में चयनित करने के लिए अपात्र घोषित किया जाएगा यदि :

ए) यदि उसे किसी समय दिवालिया घोषित किया गया हो या भुगतान निलंबित किया गया हो या ऋणदाताओं के साथ समझौता किया हो ; या

बी) यदि उसे मानसिक रूप से अस्वस्थ पाया जाए और सक्षम अदालत द्वारा इसकी घोषणा की गई हो ; या

सी) यदि उसे नैतिक अधमता जैसे अपराध के लिए दंड न्यायालय द्वारा अपराधी ठहराया गया हो ; या

डी) यदि उसने भारतीय स्टेट बैंक, 1955 की धारा 3 की उप धारा (1) या भारतीय स्टेट बैंक(सहायकी बैंकों) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में परिभाषित किसी सहायक बैंक के अधीन गठित भारतीय स्टेट बैंक या किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के लाभ का पद ग्रहण किया हो, लेकिन पूर्णकालिक निदेशक के लाभ के पद ग्रहण जिसमें अधिनियम की धारा 9 की उप धारा (3) के खंड (ई) और (एफ़) के तहत नामित निदेशकों और प्रबंध निदेशक के लाभ के पद शामिल को छोड़कर जिसमें बैंक के कर्मचारी हैं.

और

यदि उन्हें, भारतीय रिजर्व बैंक- की अधिसूचना डीबीओडी संख्या बी.सी. क्रमांक 46/29.39.001 / 2007-08 दिनांक 01 नवंबर 2007 और क्रमांक डीबीओडी.बीसी.नं.95 / 29.39.001 / 2010-11 दिनांक 23 मई 2011, पीएसबी के बोर्डों पर निर्वाचित निदेशकों के लिए "उपयुक्त एवं यथोचित" मानदंड पर आरबीआई के मास्टर निदेश जिनका उल्लेख अधिसूचना क्रमांक डीबीआर.एपीपीटी.नं: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त 2019 में है जिन्हें रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के नं.डीबीआर.एपीपीटी.बीसी.नं.39/29.39.001/2016-17 दिनांक 24 नवंबर 2016 (बाद में **"आरबीआई अधिसूचना" और यदि कोई संशोधन हो तो के रूप में संदर्भित किया गया है**) के साथ पढ़ा जाए और भारत सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ़.नं.16/83/2013-बीओ.ई दिनांक 3 सितंबर 2013, एफ़.नं.16/51/2012- बीओ.ई दिनांक 28 अप्रैल 2015 और दिनांक 20 जुलाई 2016 जिन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों हेतु ग़ैर आधिकारिक निदेशक के रूप में विचार करने के लिये 25 मार्च 2015 को सरकार द्वारा निर्धारित किये गए मानदंड (बाद में "**भारत सरकार के दिशानिर्देश**"और आगे यदि कोई संशोधन हो के रूप में संदर्भित) के साथ पढ़ा जाए, के अनुरूप `उपयुक्त और उचित" व्यक्ति पाया गया.

20. चुनाव में भागीदारी :

केंद्र सरकार के शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारक, जिनके नाम एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा शेयरधारक/हिताधिकारी स्वामी के रूप में शेयरधारकों के रजिस्टर में **25 मई, 2021** को दर्ज हैं, वे निदेशकों की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने अर्थात मनोनीत होने एवं चुनाव लड़ने के लिए पात्र होंगे.

केंद्र सरकार के शेयरधारकों के अलावा अन्य शेयरधारक, जिनके नाम एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा शेयरधारक/हिताधिकारी स्वामी के रूप में शेयरधारकों के रजिस्टर में **18 जून, 2021** को दर्ज हैं, वे निदेशकों की चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने अर्थात मनोनीत होने एवं वोट डालने के लिए पात्र होंगे.

21. शेयरधारकों की सूची

25 मई 2021 तक बैंक के शेयरधारकों की सूची 31 मई, 2021 से11 जून, 2021 तक नामांकन के प्रस्तुतिकरण के लिये निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात **11 जून 2021** को या उससे पूर्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय में कंपनी सचिव, निवेशक सेवाएं विभाग, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई- 400021, महाराष्ट्र के नाम पर अनुरोध के साथ ₹50,000 / - रुपए पचास हज़ार मात्र.के भुगतान पर, बिक्री के लिए उपलब्ध होगी, जिसका भुगतान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नरीमन पॉइंट, एमएमओ शाखा को ऑनलाइन अंतरण बैंक के खाता क्र. 378901010036984 आईएफ़एससी UBIN0537896 में या **"यूनियन बैंक ऑफ इंडिया"** के पक्ष में मुंबई में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जा सकेगा. तथापि इच्छुक उम्मीदवार अपनी लागत पर सदस्यों के रजिस्टर की जांच भी कर सकते हैं और उसका सार भी प्राप्त कर सकते हैं. यह नोट किया जाए कि नामांकन प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख शुक्रवार **11 जून, 2021** शाम **5.00** बजे तक है.

सेबी (LODR) विनियम, 2015 के अनुसार बैंक के शेयरधारकों को दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए, जिसके लिये कटऑफ तिथि 18 जून, 2021 तय की गई है, वे सभी शेयरधारक जिन्होंने अपेक्षित राशि का भुगतान करके 11 जून, 2021 तक बैंक के शेयरधारकों की सूची ले ली है 18 जून, 2021 तक अद्यतन शेयरधारकों की सूची बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकते हैं.

मुंबई स्थित बैंक के निवेशक सेवाएं विभाग में **7 जून, 2021 से 10 जून, 2021 तक** सभी कार्यदिवसों में अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक सदस्यों का रजिस्टर शेयर धारकों द्वारा निरीक्षण के लिये खुला रहेगा. सभी कार्यदिवसों में प्रतियोगियों को सदस्यों के रजिस्टर के किसी भी भाग का सार लेने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से या प्रासंगिक हिस्से का कंप्यूटर प्रिंट लेने के लिये वे बैंक से अनुरोध कर सकेंगे, जिसका भुगतान करने के लिये प्रति 1000 शब्द ₹ 5/- के अनुसार गणना की जाएगी.

22. नामांकन

i) **नामांकन की वैधता**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 के विनियम 65 के अनुसार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या - डीबीओडी. संख्या बीसी संख्या 46/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवंबर, 2007, संख्या डीबीओडी संख्या बीसी संख्या 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 एवं अधिसूचना संख्या डीबीआर एपीपीटी संख्या: 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 के माध्यम से जारी पीएसबी के बोर्ड में चयनित निदेशकों के लिए `उचित एवं उपयुक्त" मानदंड पर आरबीआई के मास्टर निर्देशों एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों एवं विभिन्न अधिनियमों, नियमों, विनियमनों एवं दिशानिर्देशों के अनुसार उम्मीदवार का निदेशक के रूप में चयन हेतु नामांकन निम्नानुसार मान्य होगा :

ए) दिनांक **25 मई 2021** को उसके पास भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक / अमूर्तीकृत (डिमैटेरियलाइज्ड) रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के न्यूनतम 100 शेयरों की धारिता हो एवं यदि उसका चयन किया गया है, तो दिनांक 25 जून 2021 तक एवं उसके बाद उसका/उसके कार्यकाल के अंत तक न्यूनतम 100 शेयरों की धारिता बनी रहे.

बी) नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक, वह बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 अथवा बैंककारी कंपनी अधिनियम (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण), 1970 अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 अथवा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन 1998 एवं अधिसूचना संख्या डीबीओडी संख्या बीसी संख्या 46/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवंबर, 2007, संख्या डीबीओडी बीसी संख्या 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 एवं भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना संख्या डीबीआर एपीपीटी संख्याः 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 के माध्यम से जारी पीएसबी के बोर्ड के निदेशक के चयन के लिए `योग्य एवं उचित" मानदंड पर आरबीआई के मास्टर निर्देश एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अधीन निदेशक होने के लिए अयोग्य नहीं हो.

(सी) उनके द्वारा धारित शेयरों के संबंध में बकाया का कोई निर्देश नहीं है.

(डी) अधिनियम के तहत या उनके विधिवत गठित अटॉर्नी द्वारा निर्वाचित निदेशक के लिए **कम से कम एक सौ शेयरधारकों द्वारा नामांकन** लिखित रूप में हस्ताक्षरित है, बशर्ते कि शेयरधारक द्वारा एक नामांकन जो एक कंपनी है, के संकल्प द्वारा बना है, बनाया जाए, उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रति होने संबंधी प्रमाणित पारित संकल्प, कंपनी सचिव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, केंद्रीय कार्यालय, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, महाराष्ट्र राज्य में भेजा जाएगा और ऐसी प्रति को कंपनी की ओर से नामांकन माना जाएगा.

(ई) शेयरधारकों द्वारा नामांकन (न्यूनतम 100) उम्मीदवार द्वारा एक घोषणा के साथ होता है, इस नोटिस में प्रस्तुत नामांकन और घोषणा के निर्दिष्ट रूपों के अनुसार, न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, एश्युरेंस का रजिस्ट्रार या उप रजिस्ट्रार या राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिजर्व बैंक या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के एक अधिकारी के समक्ष उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किया जाता हैं कि वह नामांकन स्वीकार करता है और चुनाव के लिए तैयार है, और बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 या बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970 या राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर और बैठकें) विनियम 1998 के तहत वह निदेशक होने के नाते अयोग्य नहीं है और ये नमूना प्ररूपों एवं इस सूचना में नामांकित और घोषणा के अनुसार हैं.

(एफ) नामांकन प्रपत्र और घोषणा पत्र निर्धारित विनियमों और संलग्न प्रोफॉर्मा के अनुसार है (प्रोफॉर्मा बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है. ई-मेल आईडी investorservices@unionbankofindia.com हैं.

ii) नामांकन फार्म जमा करना

निदेशकों के लिए चुनाव लड़ने और उपरोक्त शर्तों के अनुसार योग्य होने पर इच्छुक शेयरधारकों को निम्नलिखित प्रस्तुत करना है -

(ए) विनियमों के तहत निर्धारित और घोषित (डी) (ई) (एफ) के अनुसार उम्मीदवार की ओर से न्यूनतम 100 शेयरधारकों का नामांकन एक साथ, संबंधित दस्तावेजों के साथ, सम्पूर्ण रूप से पूर्ण, कार्यदिवस पर बैठक की तारीख के कम से कम 14 दिन पहले, अर्थात **शुक्रवार, 11 जून 2021** शाम 5.00 बजे तक या उससे पहले कंपनी सचिव, निवेशक सेवा विभाग, बैंक के केंद्रीय कार्यालय, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, महाराष्ट्र राज्य में एक अलग सीलबंद लिफाफे में दिया जाए.

(बी) भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रोफॉर्मा के अनुसार उपयुक्त एवं उचित स्थिति जानने के लिए एक व्यक्तिगत सूचना, घोषणा और वचनपत्र (पीडीयू फॉर्म), बैंक के केंद्रीय कार्यालय कार्यालय, 239 विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021, महाराष्ट्र राज्य में कंपनी सचिव, निवेशक सेवा विभाग को संबोधित एक अलग सीलबंद लिफाफे में, संबंधित दस्तावेजों को एक साथ, सम्पूर्ण रूप से पूर्ण, कार्यदिवस पर बैठक की तारीख के कम से कम 14 दिन पहले, अर्थात **शुक्रवार, 11 जून 2021** शाम 5.00 बजे तक अर्थात नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से पर्याप्त पहले भेजा जाए ताकि बैंक के निदेशक मंडल की नामांकन समिति सक्षम रूप से भारतीय रिज़र्व बैंक की अधिसूचना के अनुसार एवं सूचना में उल्लिखित विवरण भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार उपयुक्त एवं उचित स्थिति का पता लगा सके.

III) उम्मीदवारी वापस लेना

यदि कोई प्रतिभागी अपनी उम्मीदवारी वापस लेना चाहता है तो वह बैंक की कार्यावधि अर्थात **बुधवार, दिनांक 23 जून, 2021** को 5.00 बजे तक या उससे पूर्व कभी भी बैंक के कंपनी सचिव, निदेशक सेवाएं प्रभाग, यूनियन बैंक भवन, 239 विधान भवन मार्ग, नरीमन प्वाइंट, मुंबई 400 021 के पते पर पत्र प्रेषित कर investorservices@unionbankofindia.com पर हस्ताक्षरित व स्कैन किए हुए पत्र को भेजकर ऐसा कर सकता है.

23. निदेशकों की जांच एवं चुनाव :

ए) बैंक द्वारा नामांकन की प्राप्ति के अंतिम दिन के पश्चात प्रथम कार्यदिवस अर्थात **सोमवार 14 जून, 2021**को नामांकन की जांच की जाएगी और यदि कोई नामांकन अवैध पाया जाता है तो उसके अवैध होने के कारणों को रिकॉर्ड कर नामांकन निरस्त किया जाएगा.

बी) भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों के क्रम में वैध नामांकनों की जांच बोर्ड की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति (एनआरसी)/ निदेशकों के बोर्ड, जैसा भी मामला हो के अधीन होगा. जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा लगाये गये प्रतिबंध एक समान प्रकृति के है, इसलिए बैंक इन दोनों में से अभ्यर्थी के योग्य एवं उचित स्थिति को देखते हुये इन दोनों में कड़े कदम का निर्धारण कर सकती है.

सी) बैंक नामांकन की समीक्षा के समय या एनआरसी/निदेशक मण्डल की सलाह के अनुसार उम्मीदवारों से गठन/दस्तावेजों की मांग कर सकते हैं.

डी) व्यक्तिगत सूचना, घोषणा एवं वचनपत्र (पीडीयू फॉर्म), बोर्ड/निदेशक मंडल की नामांकन समिति की "योग्य एवं उचित" दिशानिर्देशों दिनांक 1 नवंबर, 2007, 23 मई, 2011 एवं 24 नवंबर, 2016 एवं भारतीय रिजर्व बैंक के पीएसबी के निदेशक मंडलों के निदेशक चुनने संबंधी "योग्य एवं उचित" दृष्टिकोण जिन्हें भारतीय रिजर्व बैंक एवं संबंधित भारत सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा अधिसूचना क्र. डीबीआर. एपीपीटी.नं.9/29.67.001/2019-20 दिनांक 2 अगस्त, 2019 द्वारा जारी किया गया है, के द्वारा की जानेवाली समुचित सावधानी जांच के अधीन होगा.

ई) यदि चुनाव में भाग लेने के लिए रिक्तियों में केवल एक नामांकन वैध है, तो नामित उम्मीदवार निर्वाचित समझे जाएंगे और उनके नाम एवम पता की घोषणा निर्वाचित के रूप में एवं समाचार पत्र में प्रकाशित किए जाएंगे.

एफ़) चुनाव आयोजित किए जाने की स्थिति में, यदि एक से अधिक वैध नामांकन हो, तो जो उम्मीदवार चुनाव में अधिकांश मत प्राप्त करते हैं, उन्हें चुना गया माना जाएगा और उनका नाम समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा.

24. ए वर्तमान शेयरधारक निदेशक द्वारा रिक्ति

वर्तमान तीन शेयरधारक-निदेशकों के कार्यकाल की समाप्ति 27 जून, 2021 को हो रही है. 28 जून, 2021 से उनका पद रिक्त माना जाएगा.

24. बी निदेशकों का कार्यकाल

वर्तमान रिक्ति को भरने के लिए चयनित निदेशक द्वारा **28 जून, 2021** से कार्यभार ग्रहण माना जाएगा (यदि संविक्षा के उपरांत केवल एक वैध उम्मीदवार पाया जाता है) यदि संविक्षा के उपरांत एक से अधिक उम्मीदवार के नामांकन वैध पाये जाते हैं तो, एक निदेशक की रिक्ति कों बैठक की तिथि को ही भरा जाएगा एवं नए निदेशक **28 जून 2021** से कार्यभार ग्रहण करेंगे.

योजना के उपवाक्य 9(4) एवं भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर अनुदेशों के अनुसार, एक चयनित निदेशक तीन साल के लिए पद धारण करेंगे और पुनः निर्वाचन के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि कोई भी निदेशक किसी भी श्रेणी के अंतर्गत छः वर्ष से अधिक की अवधि के लिए लगातार या रुक-रुक कर पद धारण नहीं करेंगे.

24. सी निदेशक का निष्कासन

शेयरधारकों का ध्यान अधिनियम की धारा 9(3बी) की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक को उक्त अधिनियम की धारा 9(3) (i) के अधीन चयनित निदेशक, जो उक्त अधिनियम की धारा 9(3ए) एवं की धारा 9(3एए) की अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है, को निष्कासित/ पदच्युत करने का अधिकार है.

24. डी निर्वाचन विवाद

इस संबंध में, विवाद, यदि हो, तो उनका समाधान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठक) विनियमन, 1998 के विनियम 67 के अनुसार किया जाएगा.

व्याख्यात्मक विवरण

मद क्रमांक 1: एक निदेशक का निर्वाचन

वर्तमान में, भारत सरकार के अलावा शेयरधारकों द्वारा बैंक का 10.93% शेयर कैपिटल धारित किया गया है. बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(i) के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक के बोर्ड में बैंक के निदेशक के रूप में बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकतम एक शेयरधारक (केंद्र सरकार के अलावा) के लिए पात्र हैं. वर्तमान शेयरधारक निदेशक डॉ उत्तम कुमार सरकार, डॉ जयदेव एम एवं श्री के केदिरेसन 27 जून, 2021 तक निदेशक पद का कार्यभार संभालेंगे एवं वे 28 जून, 2021 को अपना पद रिक्त करेंगे. उक्त अधिनियम के अनुसार, वर्तमान में, उक्त रिक्ति को भरने के लिए शेयरधारकों द्वारा केंद्र सरकार के अतिरिक्त एक निदेशक का चयन किए जाने की आवश्यकता है.

तदनुसार बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक निदेशक के चुनाव के लिए आवश्यक प्रस्ताव पारित करने हेतु ईजीएम के नोटिस में कार्यसूची की एक मद शामिल की गई है.

अतः शेयरधारक (केंद्र सरकार के अलावा) विभिन्न एवं प्रासंगिक अधिनियम/योजना/विनियम/अधिसूचना / आरबीआई के मास्टर अनुदेशों में उल्लिखित विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार, जिसके संबंधित भागों को यहाँ इंगित किया गया है, अपना नामांकन भेजने के पात्र हैं. एक निदेशक का चयन या तो नामांकन की संवीक्षा के उपरांत किया जाएगा (यदि वैध नामांकन रिक्त पदों के बराबर हों) या **25 जून, 2021** को चुनाव के माध्यम से किया जाएगा, यदि बैंक/निदेशक मंडल के बोर्ड की नामांकन समिति द्वारा सक्षम एवं उचित पाये जाने वाले प्रतियोगी अधिक हों, जैसा भी मामला हो. इस चुनाव के उपरांत, **28 जून, 2021** को वे कार्यभार ग्रहण करेंगे एवं कार्यभार ग्रहण की तिथि से तीन वर्षों की अवधि तक पदासीन रहेंगे.

1. कानूनी प्रावधान

अधिनियम/योजना/ विनियम/ अधिसूचना	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949	धारा 5 (एन-ई) धारा 16 (1) धारा 20 धारा 51	• सारभूत हित • सामान्य निदेशकों को निषेध • किसी निदेशक को या उसकी ओर से कोई ऋण या अग्रिम दिये जाने पर प्रतिबंध • नए समनुरूपी बैंक के अधिनियम की कुछ धाराओं की प्रयोज्यता
बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन व अंतरण) अधिनियम, 1970	धारा 3 (2 ई) धारा 9 (3) (i) धारा 9 (3ए) (ए) से (सी) तक और धारा 9 (3एए) धारा 9 (3 ए बी) धारा 9 (3बी) धारा 13(2)	• मतदान अधिकार पर प्रतिबंध • शेयरधारकों द्वारा चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या • कुछ क्षेत्रों में विशेष ज्ञान • कोई व्यक्ति निदेशक चुने जाने के लिये उस समय तक योग्य नहीं होगा यदि वह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित ट्रैक रिकार्ड, ईमानदारी और अन्य ऐसे मानदंडो पर खरा (योग्य एवं उपयुक्त) नहीं उतरता • धारा 9 (3ए) व धारा 9 (3 एए) की अपेक्षाओं को पूरा न करने वाले चुने गए निदेशकों को हटाने का भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकार • गोपनीयता व निष्ठा का दायित्व
राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970	खंड 9 (4) खंड 10 खंड 11 खंड 11ए खंड 11 बी खंड 12(8)	• चुने गये निदेशकों का कार्यकाल • बैंक के निदेशक चुने जाने की अपात्रताएं • कार्यालय का निदेशक पद खाली होना • चुने गये निदेशक को हटाया जाना • चुने गये निदेशक का रिक्त पद भरा जाना • अपने हित वाली कतिपय व्यवस्थाओं में निदेशकों के अपने हितों का प्रकटन
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (शेयर व बैठक विनियम, 1998	विनियम 10 विनियम 61 विनियम 61ए विनियम 61बी विनियम 63 विनियम 64 विनियम 65 विनियम 66 विनियम 67 विनियम 68 विनियम 69 विनियम 70	• सयुंक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग • आम बैठक में वोट डालना मतदान पर संवीक्षक • मतदान और उसके परिणाम के तरीके • आम बैठक में चुने जाने वाले निदेशक • शेयरधारकों की सूची • चुनाव के लिये उम्मीदवारों का नामांकन • नामांकन की जांच • चुनावी विवाद • वोट देने के अधिकारों का निर्धारण • विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा मतदान • परोक्षी

आरबीआई अधिसूचना क्रमांक: डीबीओडी नं. बीसी नं. 46/29.39001/2007-08, दिनांक 01 नवंबर, 2007 एवं नं. डीबीओडी नं. बीसी नं. 95/29.39.001/2010-11, दिनांक 23 मई, 2011 एवं नं. डीबीआर.एपीपीटी. बीसी. नं. 39/29.39.001/2016-17, दिनांक 24 नवंबर, 2016 एवं आरबीआई मास्टर अनुदेश पीएसबी के बोर्ड में निदेशकों के चयन हेतु ``फिट एवं उचित" मानदंडों को अधिसूचना क्रमांक डीबीआर. एपीपीटी. नं. 9/29.67.001/2019-20 दिनांक 02 अगस्त, 2019 के माध्यम से जारी किया गया है.	बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 (3एए) और धारा 9 (3ए बी) के अनुसार	राष्ट्रीयकृत बैंकों के बोर्ड हेतु चुने गये निदेशकों के लिये योग्य एवं उपयुक्त का मानदंड
वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय एवं भारत सरकार द्वारा बैंक के बोर्ड में नामित सरकारी निदेशक के माध्यम से जारी कार्यालय ज्ञापन संदर्भ क्रमांक एफ़. नं. 16/83/2013-बीओआई, दिनांक 03 सितंबर, 2013 एवं संदर्भ क्रमांक ए. फ नं. 16/51/2012-बीओआई, दिनांक 28 अप्रैल, 2015 एवं दिनांक 20 जुलाई, 2016 के माध्यम से पब्लिक सैक्टर बैंकों में नॉन ओफिशियल निदेशकों की नियुक्ति के लिए मानदंडों को भारत सरकार के दिशानिर्देशों को 25 मार्च, 2015 को जारी किया गया है (इसके बाद भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के रूप में संदर्भित किया जाता है और यदि कोई संशोधन किया जाता है)		बैंक के बोर्ड में निदेशक के रूप में अपने कर्तव्यों का वृहत पारदर्शिता के साथ एवं सार्वजनिक हित में निर्वहन करने हेतु शेयरधारक निदेशक के चयन के लिए. इस संदर्भ में अंशकालिक, गैर आधिकारिक निदेशक की नियुक्ति के संबंध में 1 जून 2011 के दिशानिर्देशों एवं उसके बाद के वर्णित संशोधनों को उम्मीदवारों के उपयुक्त एवं उचित स्थिति का निर्धारण में ध्यान रखा जाना चाहिए,
भारतीय रिजर्व बैंक मास्टर परिपत्र दिनांक 01 जुलाई, 2015.		निदेशकों के संबंधियों को ऋण व अग्रिम देना
सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015		स्वतंत्र निदेशक से संबन्धित प्रावधान

2. भारत सरकार की दिनांक 25 जनवरी, 2021 की अधिसूचना

भारत सरकार ने अधिसूचना दिनांक 25 जनवरी, 2021 के माध्यम से राष्ट्रीयकृत बैंकों (प्रबंधन एवं विविध प्रावधानों) योजना, 1970 में विशेष प्रावधान (खंड 14 ए) को शामिल कर संशोधित किया है, जो कहता है :

